जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.rajasthan.gov.in

क्रमांकः–(राजकाज नं.48197) जविप्रा/उपा./जोन–11/2026 **दिनांकः–यथाहस्ताक्षरित**

आशियाना हाउसिंग लि. मुख्यारनामा
मुख्तयारनामा सर्राफ ग्रेनाईट एण्ड मार्बल्स एलएलपी
जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता तुषार पाडलकर,
401, तृतीय तल, अपैक्स मॉल, लालकोठी,
टोंक रोड़, जयपुर।

विषयः–ग्राम भांकरोटाकलां, तहसील सांगानेर, जयपुर के आवासीय प्रयोजनार्थ आशियाना ओमा ग्राम भांकरोटाकलां में आरक्षित मुख्यमंत्री आवासीय योजना 2015 के प्रोविजन ए के तहत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के फ्लैट की लॉटरी बाबत्।

संदर्भः–आपका प्रार्थना पत्र दिनांक 22.06.2026 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आप द्वारा ग्राम भांकरोटाकलां, तहसील सांगानेर, जयपुर के आवासीय प्रयोजनार्थ आशियाना ओमा ग्राम भांकरोटाकलां में आरक्षित मुख्यमंत्री आवासीय योजना 2015 के प्रोविजन ए के तहत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के फ्लैट की लॉटरी आयोजित किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रकरण में आवंटन का विज्ञापन जारी करने से पूर्व आपके द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया अनुसार जोन कार्यालय से आवश्यक स्वीकृति/अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया है तथा विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित कर लिये गये है। आपके प्रार्थना पत्र अनुसार आवास आवंटन हेतु 363 आवेदन प्राप्त हुये हैं।

प्रकरण में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जोन कार्यालय से आवश्यक स्वीकृति/अनुमोदन जारी करते हुये पुनः पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करें। पूर्व में बिना स्वीकृति/अनुमोदन के प्राप्त कर लिये गये 363 आवेदनों को आवास आवंटन हेतु आयोजित होने वाली लॉटरी में शामिल किया जावे।

अतः आप उक्त पुस्तिका में आवंटन दर, लॉटरी आयोजन हेतु आवेदन प्रारंभ से लेकर लॉटरी आयोजन तक की समय तिथि में संशोधन कर आवेदन पुस्तिका मय प्रार्थना पत्र जोन कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

सूचनार्थ प्रेषित है।

उपायुक्त जोन–11
जयपुर विकास प्राधिकरण,
जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302 004
दुरभाष– +91–141–2574798 : ईपीबीएक्स– +91–141–2569696 एक्सटे.: 7402 : फैक्स–+91–141–2574555

RajKaj Ref No.: 24963535

Digitally signed by RAVI KUMAR GOYAL
Designation: Deputy Commissioner
Date: 2026-10-09 18:54:29 IST

v-1.0